## महत्वपूर्ण एवं खास

### 10 वीं बोर्ड के विज्ञान एवं समाज शास्त्र विषय के द्वितीय अवसर परीक्षा संपन्न

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित द्वितीय मुख्य/ अवसर हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 के तहत 31 जुलाई को 10 वीं बोर्ड के विज्ञान एवं समाज शास्त्र विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें विज्ञान में 1100 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1014 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 86 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह समाज शास्त्र विषय की परीक्षा में 1 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1 परीक्षार्थी ने परीक्षा दिलाई। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित

**सफल अभ्यिर्थियों के लिए दिसम्बर माह में होगा शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण**

भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। चयन परीक्षा परिणाम भारतीय थल सेना के वेबसाईट में उपलब्ध है। जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन द्वारा रायगढ़ के द्वारा सभी विकासखण्ड में नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जाएगा। शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के अंतर्गत अभ्यर्थी को 1.6 कि.मी.दौड़, बीम पुल-अप, 9 फीट गड्ढा कूदना तथा बैलेंसिंग बीम में चलना इत्यादि प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 5 अगस्त 2024 तक अपना आवेदन क्यूआर कोड के माध्यम से प्रेषित कर सकते है।

### दो वरिष्ठ अधिवक्ता बनेंगे नए जस्टिस

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बीडी गुरु व एके प्रसाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के नए जस्टिस होंगे। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट कालेजियम ने इन्हे जस्टिस बनाने हेतु सुप्रीम कोर्ट के कालेजियम को प्रस्ताव भेजा था जिसे सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने स्वीकार कर लिया। जल्द ही इन दोनों के नाम को जारी कर दिया जाएगा। इनकी नियुक्ति के बाद हाईकोर्ट में जजों की संख्या 17 हो जाएगी।

### लावारिस हालत में मिला काला बैग,युवती ने किया पुलिस के हवाले

**रायपुर (आरएनएस)।** मालवी रोड पर एक काले रंग की बैग लावारिस हालत में प्राप्त हुआ जिसमें दिव्या ध्रुव निवासी गीदम सुकमा छत्तीसगढ़ का आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी,र्‌ञ्जरू कार्ड 2नग, स्कूल शिक्षा मार्कशीट क्लास 1 से क्लास 12 तक का, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, 1600/रु.नग, एवं अन्य दस्तावेज और दिनचर्या में उपयोग किए जाने वाले सामान मौजूद थे। बैग का निरीक्षण किए जाने पर ट्यूशन क्लास का फीस रसीद प्राप्त हुआ जिसे संपर्क कर उक्त लडक़ी की पतासाजी किया गया। पताशा जी के दौरान दिव्या ध्रुव का मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ जो बताएं कि वह गोल बाजार आई थी। जिससे उनका बैग धोखे से रास्ते में कहीं छूट गया और वह आसपास खोज की लेकिन नहीं मिला जिससे वह अपने निवास स्थान के लिए रवाना हो गई थी फोन से संपर्क करने पर वह ट्रेन में होना बताई। जिन्हें उनके बैग के संबंध में जानकारी दी गई जो कुछ दिन बाद वापस आकर बैग लेकर जाना बताई। दिव्या ध्रुव थाना उपस्थित आई, जिसे उनका बैग वापस किया गया एवं चेक करने पर उन्हें सभी सामान सही सलामत प्राप्त हुआ। दिव्या ध्रुव द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

# सभी शासकीय स्कूलों में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन 06 अगस्त को, छात्र हितों पर होगी विस्तार से चर्चा

- विगत वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत
- बैठक में शामिल होंगे पालक, काउंसलर, डॉक्टर, शिक्षाविद एवं जनप्रतिनिधि





**रायगढ़**

राज्य के प्रत्येक शासकीय विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक नियमित रूप से कराये जाने के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रथम पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन आगामी 06 अगस्त 2024 को प्रत्येक संकुल स्तर पर किया जाना है। शिक्षक-पालक मेगा बैठक का उद्देश्य शिक्षक एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों के पढ़ाई में मदद हेतु समाधानात्मक कारक उपाय सुझाना तथा शासन द्वारा बच्चों को संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराना है। साथ सभी संकुलों में आयोजित मेगा पीटीएम के दिन बैठक आयोजन का संकुल स्तर, विकासखंड स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण भी किया जायेगा।।

**सभी 250 स्कूलों में होगा आयोजित**

पालक-शिक्षक मेगा बैठक में 12 मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा करने के निर्देश राज्य शासन के द्वारा दिये गए हैं, उपरोक्त शिक्षक-पालक मेगा बैठक जिले के सभी 250 संकुलों में संकुल स्तर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक संकुल स्तरीय कार्यक्रम के लिये स्थल का चयन कर लिया गया है। प्रत्येक संकुल में आयोजित मेगा सम्मेलन संबंधित संकुल के संकुल प्राचार्य के अध्यक्षता में होंगे। प्रत्येक संकुल में आयोजित शिक्षक-पालक मेगा बैठक के लिये एक नोडल अधिकारी का चयन किया गया है। जिन पर पूरे शिक्षक-पालक मेगा बैठक के संचालन की जवाबदेही होगी। शिक्षक-पालक मेगा बैठक में संस्था प्रमुख, प्रत्येक शाला के आधे शिक्षक एवं पालक प्रमुख रूप से शामिल होंगे। साथ ही बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबन्ध समिति और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, काउंसलर, डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक, शिक्षाविद, ड्रॉपआउट हुये बच्चों के पालक भी शामिल होंगे जो आपसी चर्चा उपरांत समाधानकारक सुझाव दिये जायेंगे।

**छात्र हितों पर होगी विस्तार से चर्चा-** शिक्षक-पालक मेगा बैठक के दौरान 12 बिंदुओं पर छात्र हित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं, शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिये संचालित योजनाओं, अध्ययन-अध्यापन में आने वाली समस्याओं, सुचारू अध्यापन, ड्रॉपआउट या लंबी अनुपस्थिति वाले बच्चों की शाला में उपस्थित कराना, बेहतर परीक्षा परिणाम पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। बैठक के दौरान विगत वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में दिये गये सुझावों का पंजीकरण किया जाएगा। संकुल स्तर के आयोजन पश्चात स्कूल स्तर पालकों की बैठक आयोजित कर शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की जायेगी।

## आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के विभिन्न योजनाओं से ग्रामीण हो रहे लाभान्वित

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुनगा में प्रति माह विभिन्न गतिविधियों आयोजित कर ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। डॉ अजय नायक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के द्वारा प्रति माह बुनगा के चार स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है जिसमें प्रभावित बच्चों को नि:शुल्क आयुर्वेद औषधि प्रदान किया जाता है साथ ही साथ उन्हे आयुर्वेद संबंधित मूलभूत एवं जरुरी जानकारी से रूबरू कराया जाता है। इसी कड़ी में हाई स्कूल में जीवन शैली में बदलाव हेतु एक सत्र का आयोजन किया गया। प्रति माह अंचल के पांच गांवों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर नि:शुल्क औषधि वितरण किया जाता है साथ ही साथ उपस्थित ग्रामीणों को ऋतु अनुसार खान पान आहार विहार दिनचर्या परहेज के बारे में जानकारी दी जाती है।




शिविर में ज्यादातर वात रोग, उदर रोग, ज्वर, कास, प्रतिश्याय, चर्म रोग, दौरबल्या, इत्यादि के रोगी देखे गए। रनभाटा, सिलाडी, जिलाडी, बारडोली, बोदा गांव में शिविर लगाया गया शासन द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए डॉ अजय नायक ने बताया की साप्ताहिक बाज़ार मंगलवार को ज्यादातर अंचल के ग्रामीण आकर स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। बुनगा में प्रति माह जीवन शैली में बदलाव हेतु सत्र, औषधीय पौधों की जानकारी, मितानीन प्रशिक्षण, नियमित योगाभ्यास सत्र, बीपी एवं शुगर जांच, प्रति गुरूवार सियान जतन क्लीनिक, औषधि पौधों द्वारा घरेलू उपचार एवं अन्य बिभिन्न प्रकार के जैसे स्वच्छता नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जाता है जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जोड़कर लाभ पहुंचाया जा सके शासन द्वारा चलाई जा रही है। एक पेड़ मां के नाम पर कार्यक्रम के तहत् बुनगा में 500 औषधि एवं फलदार पौधे वितरित किए गए। शासकीय आयुर्वेद औषधालय बुनगा के हर्बल गार्डन में 200 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है उच्च रक्त चाप से बचाव, मधुमेह से बचाव, स्वस्थ्य जीवन शैली, योगासन, जरा रोग, वात रोग, इत्यादि प्रकार के पंपलेट वितरण कर जागरुक किया जा रहा है। भोज कुमार मालाकार फार्मासिस्ट, राजेश साव, ग्रहण मैत्री पीटीएस, दुलामणि रजक योग प्रशिक्षक, प्रेम बाई मैत्री एमटी, चंद्रिका सिदार, निंद्रा साव इत्यादि मितानिनों, शिक्षकगण एवम जनप्रतिनिधियों का सक्रिय योगदान रहता है।

## अंबिकापुर-बिलासपुर और रायपुर के बीच जल्द शुरू होगी हवाई सेवा

**रायपुर । आरएनएस**

उड़े देश का आम नागरिक 'उड़ान' योजना के तहत जल्द ही अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर को जोडऩे वाली उड़ानें शुरू होंगी. उड़ान 4.2 के अंतर्गत अम्बिकापुर-बिलासपुर-अम्बिकापुर एवं अम्बिकापुर-रायपुर अम्बिकापुर मार्ग में उड़ानों का संचालन मेसर्स 'फ्लाय बिग' को अवार्ड किया गया है.

कंपनी इस सेक्टर में 19 सीटर विमान का संचालन करेगी. राज्य सरकार के स्वामित्व वाले अम्बिकापुर एयरपोर्ट को मार्च से ही थ्री सी वीएफआर लाइसेंस मिला है. इसके तहत वहां से दिन में ही 72 सीटर विमान का संचालन किया जा सकता है. कंपनी ने अभी उड़ान का शेड्यूल जारी नहीं किया है. शेड्यूल के एप्रूवल के बाद ही उड़ानों का संचालन शुरू होगा.

बता दें कि प्रदेश में रायपुर के बाद जगदलपुर एवं बिलासपुर एयरपोर्ट से उड़ानों का संचालन किया जा रहा है. आरसीएस योजना के तहत उड़ानें शुरू होने के बाद अम्बिकापुर प्रदेश का चौथा एयरपोर्ट होगा जहां से हवाई सेवाओं का संचालन किया जाएगा.

## सेवानिवृत्त हुए प्रधान आरक्षक नरेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ससम्मान दी गई विदाई

**रायगढ़**



दिनांक 31/07/2024 को जिला पुलिस से सेवानिवृत्त हुए प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान पूर्वक विभाग से विदाई दी गई। कार्यक्रम में आईआई अमित सिंह ने नरेंद्र यादव के जिला पुलिस में अब तक के उनके सफर के बारे में और उनके परिवार की जानकारी दी गई। नरेन्द्र यादव जिला पुलिस रायगढ़ में भर्ती होकर रक्षित केंद्र तथा जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ रहे, वे निरंतर 39 साल 7 माह तक पुलिस विभाग को सेवा दिए हैं। उन्होंने ईमानदारी व लगन से कार्यरत रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की गई। विदाई कार्यक्रम में हेड क्वार्टर डीएसपी अखिलेश कौशिक, उत्तम प्रताप सिंह, आरआई अमित सिंह तथा कार्यालयीन स्टाफ मौजूद थे।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर चल रहा था गोरखधंधा, 10 राज्यों के 80 लोगो से ठगे करोड़ों रुपए

**रायपुर । आरएनएस**

रेंज साइबर थाना रायपुर ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी सॉफ्टवेयर इंजीनियर विकास चंद्राकर और उसे हिसाब-किताब मुहैया कराने वाले आशीष साहू को भिलाई से गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपियों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर छत्तीसगढ़ समेत करीब 10 राज्यों में करोड़ों रुपए की ठगी की है। विकास चंद्राकर खुद ही शिकार को फंसाकर ठगी करता था। आशीष साहू रेलवे और हवाई टिकट केंद्र की आड़ में लोगों से बैंक खाते किराए पर लेता था और उन्हें विकास चंद्राकर को उपलब्ध कराता था।

**धोखाधड़ी के 80 से अधिक मामले-** आरोपी विकास और उसके गिरोह से जब्त बैंक खातों में विभिन्न राज्यों में धोखाधड़ी के 80 से अधिक मामले हैं। उसके पास से 4 मोबाइल, 1 लैपटॉप, 7 डेबिट कार्ड, एक कार और बैंक खाते से 8 लाख रुपये जब्त किए गए हैं.

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, टाटीबंध में रहने वाले सेवानिवृत्त सिविल सर्जन डॉ. प्रकाश गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपियों ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम पर उनसे रुपये ठगे। 74.49 लाख की ठगी की गई. इसके बाद रेंज साइबर थाना रायपुर ने मामले की जांच शुरू की.

रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने रेंज साइबर पुलिस स्टेशन टीम को तकनीकी साक्ष्य जुटाने और आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। जांच के दौरान उन बैंक खातों की जांच की गई, जिनमें आवेदक द्वारा पैसे जमा कराए गए थे। वहां मोबाइल नंबरों की जांच की गई। जिसके आधार पर आरोपी आशीष साहू ने विभिन्न बैंकों में खाते खोलकर अपने सहअभियुक्त विकास चंद्राकर को दिये।

**मसूरी में एक घोटाला चल रहा था-** भिलाई का रहने वाला आरोपी विकास चंद्राकर पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। वह दो साल से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर घोटाला कर रहा था। वह वर्चुअल नंबरों का उपयोग करता है और उन्हें अन्य लोगों के बैंक खाते प्राप्त करने और धोखाधड़ी वाली रकम जमा करने के लिए किराए के रूप में उपयोग करता है। मसूरी में विकास अपने अन्य साथियों के साथ शेयर बाजार में मुनाफा कमाने के नाम पर ठगी करता था। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

**प्रति खाता कमीशन-** आशीष साहू लोगों से किराया वसूलता था. इसके बदले में वह उन्हें 5 से 7 हजार रुपये देता था. डॉक्टर ने बैंक खाते में 25 लाख रुपये जमा कराए थे जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

## प्रधान जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन ने उप जेल सारंगढ़ का किया निरीक्षण

**रायगढ़**



जितेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ द्वारा 30 जुलाई 2024 को उप जेल सारंगढ़ जिला का भ्रमण किया गया। जहां उप जेल के पुरूष एवं महिला बैरक का निरीक्षण कर विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियों से मिलकर उनके मामलों के संबंध में पूछताछ की गई तथा विधिक साक्षरता शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 एवं नालसा द्वारा समय-समय पर पात्र बंदियों की रिहाई हेतु चलाये जा रहे अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उप जेल सारंगढ़ में स्थापित लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से बंदियों को उनके मामले में विधिक सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराये जाने, जिसमें पैनल अधिवक्ता/ प्रतिधारक अधिवक्ता द्वारा मामले में पैरवी करने तथा जमानत आदि की कार्यवाही करने एवं छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में है उन्हे जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई।

निरीक्षण में बंदियों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा एवं चिकित्सा की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई तथा बंदियों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में पूछताछ की गई। इसके अतिरिक्त बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के अंतर्गत भोजन, पेयजल, शौचालय, मनोरंजन एवं शिक्षा की जानकारी ली गई। साथ ही बंदियों के लिये वीडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से मुलाकात करने एवं न्यायालय पेशी में उपस्थित होने के संबंध में समीक्षा की गई। उक्त शिविर में कुमारी पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सारंगढ़-बिलाईगढ़, उप जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित रहे।

## श्रमिक परिवार की 5981 बेटियों के खाते में आए 11 करोड़ 96 लाख से ज्यादा राशि

**रायपुर । आरएनएस**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार श्रमिकों के हित के अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रदेश सरकार ने श्रमिक परिवारों की बेटियों के जीवन स्तर में सुधार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना की शुरुआत की है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने विभागीय योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस योजना का उद्देश्य श्रमिक परिवारों की बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है ताकि वे शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

महासमुंद जिले में इस योजना के तहत कुल 5981 हितग्राहियों की बेटियों को लाभान्वित किया गया है। प्रत्येक बेटी के बैंक खाते में 20,000 रुपये की राशि जमा की गई है। इस प्रकार, कुल 11 करोड़ 96 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान किया गया है। यह राशि उन परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा साबित हो रही है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई का सामना कर रहे थे।

नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से न केवल श्रमिक परिवारों को राहत मिल रही, बल्कि यह ज़िले की बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इससे प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा और उनके समग्र विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

महासमुंद अयोध्या नगर निवासी हितग्राही गीता निषाद ने बताया कि इस योजना की राशि उनके बैंक खातें में आ गयी है। उन्होंने बताया कि इस राशि का उपयोग कॉलेज की पढ़ाई पर खर्च करेंगी।उन्होंने इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगी। शासन की इस योजना से उनका परिवार बहुत खुश है। महासमुंद जिले में मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के शुरू होने से अब तक 5981 पात्र हितग्राहियों की पुत्रियों के लिए 20-20 हजार रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में डाली गयी है। इस योजना के कारण श्रमिकों की बेटियां अब सशक्त एवं आत्मनिर्भर भी बन रही।

यह योजना लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ सामाजिक सहायता भी प्रदान कर रही है। श्रमिक परिवारों की बेटियों को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार के साथ ही उनके विवाह में यह राशि मजबूत सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिक ही पात्र है। पात्रधारियों को योजना का लाभ लेने के लिए मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना की अधिकारिक वेबसाइट बहसंइवनतण्दपबण्पद पर ऑन लाइन पंजीयन करना होगा।

श्रमिक परिवार की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तथा उन्हें शिक्षा और रोजगार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के तहत पात्र श्रमिक परिवार की प्रथम दो बेटियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए 20-20 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में डाली जाती है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU